an>

Title: Need to provide No Objection Certificate to mines in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत राखा, चापड़ी, केन्दाडीह माइंस हैं। ये तीनों माइंस वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के कारण चालू नहीं हो पा रही हैं। यह क्षेत्र आदिवासी, अति पिछड़ा, जनजातीय बाहुल्य एवं उग्रवाद प्रभावित हैं, यहां के लोग सुखाड़, बेरोज़गारी, गरीबी के कारण पलायन को मजबूर हैं। इसी तरह, ऐसे कई और माइंस है जैसे किशनगढ़िया, पाथरगोड़, चन्दपुर इत्यादि जिसके तांबे की नीलामी नहीं होने के कारण वह बंद हैं। इन सभी माइंस के चालू होने से वहां के लोगों को रोज़गार मिलेगा साथ ही साथ राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी।

अतः माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि राज्य सरकार से परामर्श कर अविलंब अनापत्ति प्रमाण पत्र देकर उपरोक्त माइंसों को चालू करवाने की कृपा की जाए।